# प्राचीन धरोहर को अब मिलेगा नया स्वरूप

## विधायक काश्यप ने अमृत सागर तालाब के सुंदरीकरण का किया शुभारंभ

23-4-22

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण व प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सुंदरीकरण और विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अमृत सागर तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। सुंदरीकरण व निर्माण कार्यों से इसे नया स्वरूप मिलेगा।

काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना के तहत विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे। प्रारंभ में विधायक काश्यप, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, गढ़ कैलाश सेवा समिति के सतीश राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त झारिया, कंसल्टेंट परेश, रिमझिम व ठेकेदार गुरजीत सिंह ने किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, सहप्रभारी अरुण त्रिपाठी, जिला मंत्री सोना शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनिता कटारिया, आदित्य डागा, मयूर पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, सुशील सिलावट, सुदीप पटेल, अनिता कटारा आदि उपस्थित थे। संचालन मंडल अयध्क्ष कृष्ण कुमार सोनी ने किया।



विधायक चेतन्य काश्यप का सम्मान करते हुए युवा। • नईदुनिया

### अमृत सागर तालाब

# सौंदर्यीकरण के बाद नौकायन भी होगा शुरू

## तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का काश्यप ने किया शुभारंभ

भास्कर संवाददाता | रतलाम



निर्माण कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक काश्यप।

श्री गढ़कैलाश मंदिर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

काश्यप ने कहा सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों से तालाब को नया स्वरूप मिलेगा। तालाब से अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी तालाब का गहरीकरण भी होगा। तालाब से जुड़ा मार्ग सीटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। बाद में यहां नौकायन भी आरंभ किया जाएगा।

### गढ़कैलाश का मार्बल से नवनिर्माण का आह्वान

विधायक काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है।

दैनिक भास्कर 22-4



# सफाई मजदूर कांग्रेस ने कमलनाथ को ज्ञापन दिया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस द्वारा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के रतलाम आगमन पर मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मगन लाल झाझोट के नेतृत्व में विगत 11 अप्रैल से 18 सूत्रीय सफाई कर्मचारी की मांगों को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन में सफाई कर्मचारियों को मांगों के संदर्भ में रतलाम के पूर्व उपमहापौर संरक्षक सतीश पुरोहित के नेतृत्व में 18 सूत्री मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया .

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का साफा पहनाकर स्वागत कर ज्ञापन प्रस्तुत किया । इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी अशोक हाड़े ,विजय चौहान ,लेखराज भाटी, देवकन्या बेन ,जय श्री ,तरुण पुरोहित एडवोकेट ,संजय पेमल ,अमर गिरजे, पुनीत गिरजे, निर्मल हाढे ,शैलेंद्र मेहना, राजु कल्याणे रोहित भाटी, मनीष भाटी, मोहित भाटी, कई संख्या में युवा उपस्थित रहे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

23-4-22

### धोलावड़ में पंप जाम, मोरवानी में मोटर जली

# शहर में जलसंकट शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शुक्रवार को शहर के कई इलाकों पानी सप्लाई नहीं हुआ। जहां हुआ वहां 10 से 12 घंटे की देरी से सप्लाई हुआ। गंगासागर टंकी से शाम को सप्लाई होना था वहां अब शनिवार सुबह पानी मिलेगा। कल्याणनगर निवासी संजय कसेरा ने बताया हर साल की तरह इस साल भी गर्मी के साथ ही पानी का संकट गहरा गया है। यदि पहले से तैयारी की जाए तो शहर में जलसंकट नहीं गहराएगा। कस्तूरबा नगर निवासी हितेंद्र उपाध्याय ने बताया समय पर पानी नहीं आता है। आता है तो इतना गंदा कि पानी भर भी नहीं सकते।

### इसलिए गहराया जल संकट

- धोलावड़ में तीन पंप लगे हैं। इनके ज़रिए मोरवानी फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाया जाता है। इसमें से एक 170 एचपी का पंप जाम हो गया था। अतिरिक्त पंप चालू किया। एक घंटे सप्लाई बाधित रही।
- मोरवानी में तीन मोटर पंप लगे हैं। इसमें से एक 335 एचपी का पंप जल गया। इसके बाद अतिरिक्त पंप चलाया। इसमें एक घंटे से ज्यादा का समय लग गया। टंकियां देर से भराई।
- धोलावड़ में गुरुवार रात 8.30 बजे फॉल्ट हो गया। डीओ उड़ गया। 9.30 बजे सप्लाई शुरू हुई।

# रतलाम की धरती पर लहराएंगे हरियाली की चादर

## 52 वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम ने किया 52 औषधीय पौधों का रोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक ओर शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है।

निगम आयुक्त झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आज लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे। श्री झारिया ने इस मौके पर कहा कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है।




यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहा कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होंगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरूआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरूआत की थी। उन्होंने कहां कि पृथ्वी दिवस के बारे में तो आप सभी ने सुना ही होगा जिसका उद्देश्य है। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी मां है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैं। ध्यान तो छोड़िए हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैं, कभी प्रदूषण के माध्यम से कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है।

### 52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल, तुलसी, जामुन, सीताफल, बैल पत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक आदि का रोपण निगम आयुक्त, पर्यावरणविद् और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों ने किया।

### ये रहे मौजूद

विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित समारोह में उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्मा, निगम अधिकारी जीके जायसवाल, हनीफ शेख, सुहास पंडित, भय्यालाल चौधरी, अनिल पारा, लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव उपस्थित थे।

अवन्तिका 23-4-22

# नगर निगम ने लायंस हाल बगीचे में रोपे 52 औषधीय पौधे

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक ओर शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है।

निगम आयुक्त 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होने आज लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधे का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे।

श्री झारिया ने इस मौके पर कहा कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को




बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होंगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरुआत 1970 में हुई थीण् सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरुआत की थी।

उन्होने कहां कि पृथ्वी दिवस के बारे में तो आप सभी ने सुना ही होगा जिसका उद्देश्य हैए पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी माँ है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही माँ का ध्यान नहीं रख रहे हैं ध्यान तो छोड़िए, हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैए कभी प्रदूषण के माध्यम से कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है।

23-4-22

# शहर में लोग पानी के लिए हो रहे परेशान और उधर धोलावाड़ लाइन से पानी हो रहा था चोरी, निगम इंजीनियर ने कराया प्रकरण दर्ज

23-4-22

**रतलाम।** धोलावाड़- मोरवानी के बीच पानी चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। 600 एमएम डाया की मेन पाइप लाइन में छेद कर पानी की चोरी खेतों में सिंचाई के लिए की जा रही थी।

अपनी दुनिया

गर्मी शुरू होते ही शहर के लोग पानी के लिए परेशान होने लगे है। टंकी में पानी नहीं पहुंच पाने की वजह से शहर में जलप्रदाय का इंतजाम बिगडने लगा है। नगर निगम की ओर से आए दिन शहर के अलग-अलग इलाकों में जलप्रदाय देरी से किए जाने का सूचना प्रसारित की जा रही है। धोलावाड़ से भरपूर मात्रा में पानी छोड़ने के बावजूद शहर की टंकियां नहीं भरा पाने की वजह जानने के लिए जब निगम के बड़े अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तो पता चला कि धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन में छेद कर बीच में ही पानी चुराया जा रहा है। यह मामला पकड़ में आने के बाद पानी चुराने वाले संबंधित किसान के खिलाफ थाने में अपराध कायम करवाया है।

नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन से पानी चोरी शाम से लेकर रात तक की जाकर खेतों में सिंचाई की जाती रही थी। अप्रैल में ही शहर में जलसंकट के हालात पैदा होने पर जब निगम के जवाबदारों ने हकीकत जानने के लिए मोर्चा संभाला तो पानी चोरी का पता चला। इस पर पानी चुराने वाले संबंधित को समझाईश देकर नगर निगम जलप्रदाय विभाग ने छेद बंद करवा दिया गया था। 19 अप्रैल को फिर वहां से पानी चोरी होने का पता चलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर उपयंत्री भैयालाल चौधरी की रिपोर्ट पर दीनदयालनगर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालकर शासकीय संप्ति में नुकसान करने पर अपराध कायम किया है।

शहर में जलसंकट के हालात पैदा होने की वजह जानने पर यह केस पकड़ में आ गया और मामला थाने तक पहुंच गया।पिछले कई दिनों से खासतौर पर शहर के पटरी पार इलाके के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है। जलप्रदाय की व्यवस्था बिगडने से जलसंकट जैसे हालात अप्रैल में ही पैदा होने लगे। शहर के अन्य इलाकों में भी जलप्रदाय व्यवस्था बिगडने लगी है। आज भी शहर के शहरसराय इलाके में सुबह जलप्रदाय नहीं हुआ। लोग नल आने का इंतजार करते रहे। दस बजे के लगभग निगम ने सूचना प्रसारित करवाई कि सुबह होने वाला जलप्रदाय आज विलंब से दोपहर बाद किया जा सकेगा।

---

**शहर में निम्न आय वर्ग वालों को मिलेंगे पॉश कॉलोनी में प्लाट**

# 30 कॉलोनियों में आरक्षित प्लाट अब होंगे कमजोर वर्ग के हाथ

पत्रिका ब्रेकिंग

रतलाम. जमीन की बढ़ती कीमतों के बीच प्रशासन के एक फैसले के बाद करीब 30 से ज्यादा कॉलोनियों में आरक्षित प्लाट अब निम्न आय वर्ग के लोगों को दिए जाएंगे। खाली प्लाटों पर कचरा फेंकने की शिकायतों के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ऐसे प्लाटों की कुंडली तैयार कराई है। जल्द ही नगर निगम के माध्यम से ऐसे खाली प्लाट का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि करीब 700 से 800 प्लाट चिन्हांकित किए जा रहे हैं। ये सभी प्लाट शहर में करीब 20 वर्षो के दौरान बसाई गई कॉलोनियों में लंबे समय से कॉलोनाइजरों के पास ही है, अब इनको निम्न आय वर्ग के लोगों के हाथों में दिया जाएगा, ताकि वे भी पॉश सहित अन्य कॉलोनियों में मकान निर्माण कर निवास कर सकें।

शहर में रहने वाले निम्न आय वर्ग के लोगों को आने वाले दिनों में 30 से अधिक पॉश कॉलोनियों में प्लाट मिल सकेंगे। यह वो कॉलोनियां है, जहां निम्न आय वर्ग की पहुंच कम ही है। असल में इन कॉलोनियों में कमजोर आय वर्ग के लिए करीब 750 से 800 प्लाट आरक्षित इसी वर्ग के लिए हैं, लेकिन कॉलोनाइजरों ने कभी इस बात का प्रचार ही नहीं किया। प्रशासनिक अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर की करीब 30 से 35 कॉलोनियों में सर्वे इसी माह किया। करीब 750 से 800 तक ऐसे प्लॉट इन कॉलोनियों में ऐसे निकले जो लंबे समय से रिक्त है व अब तक कॉलोनाइजर के पास ही है। असल में इन प्लॉट में कचरा सबसे अधिक फेंका जा रहा था, इसके बाद जब जुर्माना लगाने के लिए जानकारी निकाली गई तो पता चला कि प्लाट कॉलोनाइजर के पास ही है। इसके बाद अधिकारियों ने शहर में पिछले 20 साल में बनी सभी कॉलोनियों में इसकी जानकारी निकालने का काम शुरू किया।

## रिक्त पड़े प्लाट देंगे

असल में कॉलोनी एक्ट में नियम है कि 15 प्रतिशत भूखंड समाज के कमजोर वर्ग को देना अनिवार्य है। इसमे एलआईजी व ईएसडब्ल्यू स्तर के भूखंड व आवास होते है। जबकि शहर के कॉलोनाइजर ने इस मामले में कुछ नहीं किया। इसके बाद ही अब सर्वे करने के बाद रिक्त पड़े करीब 750 से 800 आवास कमजोर वर्ग को दिलवाने का निर्णय लिया गया है।

**- कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम रतलाम

**चुनावी तैयारी • कमलनाथ बोले : 2023 में कांग्रेस का झंडा विधानसभा में लहराएंगे**

# रतलाम आकर जब मैं पेयजल व सीवरेज की समस्या सुनता हूं तो दुःख होता है : पूर्व सीएम कमलनाथ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-4-22

रतलाम का रेलवे स्टेशन मप्र की पहचान है। मैं यहां कई बार आया हूं। दिल्ली और कहीं भी जाना होता तो रतलाम आना होता था। यहां मुझे जवानी के दिन याद आ जाते हैं। हालांकि मैं अभी बूढ़ा नहीं हुआ हूं।

यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष 75 वर्षीय कमलनाथ ने डॉ. आंबेडकर मैदान में कही। उन्होंने आगे कहा कि रतलाम आकर दुःख होता है, जब मैं पेयजल व सीवरेज की समस्या सुनता हूं। यहां अस्पतालों में महिला डॉक्टर नहीं हैं। बिजली कटौती हो रही है। भारी बिल दिए जा रहे हैं। याद रखिएगा चुनाव में 17 महीने बचे हैं। हम सब 2023 में कांग्रेस का झंडा मप्र की विधानसभा में लहराएंगे। मंच पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, झाबुआ विधायक कांतिलाल भूरिया, विक्रांत भूरिया, आलोट विधायक मनोज चावला, जिला प्रभारी अमिताभ मंडलोई आदि मौजूद रहे। पूर्व सीएम कमलनाथ ने मंच से सैलाना विधायक व पूर्व मंत्री रहे स्व. प्रभुदयाल गेहलोत को याद किया और उन्हें समाजसेवी बताया।

शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष व बूथ प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्रसिंह अठाना, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव मंसूरअली पटौदी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं मप्र कांग्रेस सचिव कोमल धूर्वे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या, शहर कांग्रेस सचिव व सेक्टर प्रभारी कुसुम चाहर, ग्राम प्रधान राजीव देवदा, रानी देवदा, पूर्व पार्षद राजीव रावत, विकास छाजेड़, प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी, विजय चौहान, शांतु गवली, मनोज शर्मा, सतीश राठौर, गोपाल चंदवाड़िया, जितेंद्र पंडित मिर्ची, जगदीश, मांगीलाल जैन, शेखर गेहलोत, राजेश दवे, जगदीश पाटीदार, राम चौधरी, संजय भाटी, नरसिंह डामोर, लक्ष्मीचंद जैन, फिरोज पठान, लक्की शुक्ला, दलसिंह डोडियार, सुनील गुर्जर, संजय शर्मा, मकना देवदा, कांग्रेस नेता अनिल झालानी, आशीष डेनियल व संजय टांक ने स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अमृत गार्डन के पास स्वागतकिया। अध्यक्ष विजयसिंह चौहान, पूर्व पार्षद जगदीश आक्रोदिया, शांतिलाल छपरी, समीर चौबे,मुकुंद मिश्रा, दिलीप शर्मा, मनोज दीक्षित, प्रभु सिंह तंवर सहित अन्य मौजूद रहे।

## महंगाई को समझाने की जरूरत नहीं, आप भुगत रहे हैं

कमलनाथ ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी की कोई बात नहीं करें, इसलिए मुख्यमंत्री लोगों का ध्यान बंटाने में लगे रहते हैं। सभा के दौरान किसान को कुछ कांग्रेसियों ने रोक दिया। इससे दो पक्षों में धक्का-मुक्की हो गई।

# निगम षड्यंत्रपूर्वक मेला स्थल कर रहे छोटा, सीएम को पत्र लिखा

रतलाम | विभिन्न त्योहारों पर लगने वाले मेलों से शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। इसको नगर निगम द्वारा षड्यंत्र कर खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। मेला स्थल पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाकर मेला स्थल को सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि त्योहारों पर लगने वाले मेले सुचारु रूप से चल सकें। यह मांग पूर्व पार्षद मंगल लोढ़ा ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को लिखा पत्र। श्री ट-९२

पत्र के माध्यम लोढ़ा ने बताया हनुमान जन्मोत्सव पर होना वाला बरबड़ मेला निरस्त करने का षडयंत्र रचा था, जनप्रतिनिधियों की जागरूकता और आक्रोश के चलते प्रशासन ने तत्काल निर्णय लेते हुए तीन दिनी मेला आयोजित कराया। त्रिवेणी और श्री कालिका माता मेला स्थल छोटा कर निजी संस्था व कॉलोनाइजरों को फायदा पहुंचाने के लिए यह कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है। 23-4-22

# विश्व पृथ्वी दिवस पर नवनिर्मित बगीचे में रोपे 52 औषधीय पौधे

## शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रूप में विकसित किया जाएगा

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा विश्व 52वें पृथ्वी दिवस पर लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर पर्यावरणविद् डा. खुशालसिंह पुरोहित विशेष रूप से उपस्थित रहे।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रूप में विकसित किया गया है। डा. पुरोहित ने कहा कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हें पौधे जब पूर्ण रूप से विकसित होंगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। बगीचे में पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, कंरज, शीशम, पीपल, तुलसी, जामुन, सीताफल, बिल्वपत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरूद, अशोक आदि का प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्मा, निगम अधिकारी जीके जायसवाल, हनीफ शेख, सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी, अनिल पारा, लायंस क्लब अध्यक्ष डा. अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव, प्रकाश मिश्रा, सुनील जैन, मयूर व्यास आदि उपस्थित रहे।




बगीचे में पौधारोपण करते डा. खुशालसिंह पुरोहित, सोमनाथ झारिया आदि। ● नईदुनिया

# विश्व पृथ्वी दिवस पर नवनिर्मित बगीचे में किया 52 औषधीय पौधों का रोपण



**रतलाम। 52 वें विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधों का रोपण किया।**

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है। श्री झारिया ने इस मौके पर कहा कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होंने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्मा, निगम अधिकारी जीके जायसवाल, हनीफ शेख, सुहास पंडित, भय्यालाल चौधरी, अनिल पारा, लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ.अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव, प्रकाश मिश्रा, सुनील जैन, मयूर व्यास आदि उपस्थित रहे।

### 52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया

कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल, तुलसी, जामुन, सीताफल, बैलपत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक आदि का रोपण निगम आयुक्त और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों ने किया।




# विश्व पृथ्वी दिवस पर नगर निगम ने किया औषधीय पौधों का रोपण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है। 23-4-22

श्री झारिया 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होने आज लांयस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। श्री झारिया ने इस मौके पर कहां कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। विशेष रुप से उपस्थित पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा।

## 52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुड़्हल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल, तुलसी,जामुन, सीताफल, बैलपत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक सहित अन्य पौधें रौपे गए।

ये रहे मौजूद -विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित समारोह में उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्माए निगम अधिकारी जी.के. जायसवाल, स्नीफ शेख, सुरस पंडित, भय्यालाल चौधरी, अनिल पारा लायंस क्लब अध्यक्ष डा.अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव, प्रकाश मिश्रा, अग्रवाल, सुनील जैन,मयूर व्यास आदि उपस्थित रहे।

# शादी ब्याह में आम व्यक्ति ने भी घरेलू गैस सिलेंडर का किया इस्तेमाल तो होगी कार्यवाही

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले के सभी मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट एवं होटल संचालक अपने परिसर में भोजन सामग्री निर्माण के लिए व्यावसायिक गैस सिलेण्डर का ही उपयोग करेंगे। घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग प्रतिबंधित है।

मैरिज गार्डन संचालक की सूचना मैरिज गार्डन में लगाएंगे तथा शादी व अन्य पार्टी आयोजन करने वालों को बताया जाएगा। वे इस मैरिज गार्डन में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग खाद्य सामग्री बनाने के लिए नहीं कर सकेंगे। यदि किसी मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट एवं होटल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्रदत्त घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक प्रयोग में उपयोग किया जाना पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी गैस एजेंसी के संचालक द्वारा भी व्यावसायिक गैस प्रयोजन हेतु घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रदाय किया जाता है तो उसके विरुद्ध भी कार्यवाही होगी।

# शहर की धरती पर लहराएंगे हरियाली की चादर

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है। निगम आयुक्त झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आज लांयस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे। श्री झारिया ने इस मौके पर कहां कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरूआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरूआत की थी। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी मां है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैंए ध्यान तो छोड़िएए हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैंए कभी प्रदूषण के माध्यम से कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है।

दबंग दुनिया
23-4

## वैष्णो देवी के लिए आज रवाना होंगे 364 यात्री

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्री वैष्णो देवी के लिए रतलाम जिले से 364 यात्री 23 अप्रैल को रवाना होंगे। रतलाम से ट्रेन शाम 5 :15 बजे रवाना होगी। रवानगी से पूर्व दोपहर एक बजे रतलाम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर सात पर तीर्थ यात्रियों को टिकट वितरण तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### भाजपा करेगी स्वागत

भाजपा द्वारा तीर्थ यात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों को दोपहर तीन बजे समारोहपूर्वक सम्मान कर विदाई दी जाएगी। समारोह में शहर विधायक चेतन्य काश्यप सहित सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम प्रभारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत तथा संयोजक हेमंत राहोरी ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की शुरुआत देश में वर्ष 2005 में पहली बार मध्यप्रदेश से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा की गई थी। इस योजना में जिले से अब तक 72 यात्राएं निकल चुकी है और शनिवार को 73वीं यात्रा वैष्णोदेवी तीर्थ के लिए जाएगी। इस योजना में अब तक आठ लाख से अधिक तीर्थ यात्री लाभान्वित हुए है। कोरोना काल के बाद तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्राओं का आयोजन पुन: आरंभ किया जा रहा है। इससे इस योजना का लाभ कई तीर्थ यात्री ले सकेंगे।

## मैरिज गार्डन, होटलों में व्यावसायिक गैस सिलिंडर का ही उपयोग होगा

रतलाम। जिले में मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट एवं होटल संचालक अपने परिसर में भोजन सामग्री निर्माण के लिए व्यावसायिक गैस सिलिंडर का ही उपयोग करेंगे। घरेलू गैस सिलिंडर का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आदेश के अनुसार यदि किसी मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट एवं होटल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रदत्त घरेलू गैस सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग होने पर संबंधित पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन होने से आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 में कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी गैस एजेंसी संचालक द्वारा भी व्यावसायिक गैस प्रयोजन के लिए घरेलू गैस सिलिंडर दिया जाता है तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी।

## आज रतलाम से रवाना होंगे वैष्णो देवी के लिए यात्री

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्री वैष्णो देवी के लिए रतलाम जिले से 364 यात्री आज रवाना होंगे। यात्रियों को लेकर रेलवे स्टेशन रतलाम से ट्रेन शाम 5.15 बजे रवाना होगी। रवानगी से पूर्व दोपहर 1 बजे रतलाम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 पर तीर्थ यात्रियों को टिकट वितरण तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## आज वैष्णो देवी के लिए 384 यात्री होंगे रवाना

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्री वैष्णो देवी के लिए रतलाम जिले से 364 यात्री 23 अप्रैल को रवाना होंगे। यात्रियों को लेकर रेलवे स्टेशन रतलाम से ट्रेन शाम 5.15 बजे रवाना होगी। रवानगी से पूर्व दोपहर 1.00 बजे रतलाम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 पर तीर्थ यात्रियों को टिकट वितरण तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## वैष्णो देवी के लिए यात्री 23 अप्रैल को रवाना होंगे

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्री वैष्णो देवी के लिए रतलाम जिले से 364 यात्री 23 अप्रैल को रवाना होंगे। यात्रियों को लेकर रेलवे स्टेशन रतलाम से ट्रेन शाम 5.15 बजे रवाना होगी। रवानगी से पूर्व दोपहर 1:00 बजे रतलाम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 पर तीर्थ यात्रियों को टिकट वितरण तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## वैष्णो देवी के लिए आज रवाना होंगे यात्री

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्री वैष्णो देवी के लिए रतलाम जिले से 364 यात्री 23 अप्रैल को रवाना होंगे। यात्रियों को लेकर रेलवे स्टेशन रतलाम से ट्रेन शाम 5:15 बजे रवाना होगी। रवानगी से पूर्व दोपहर 1:00 बजे रतलाम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 पर तीर्थ यात्रियों को टिकट वितरण तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# शहर की धरती पर लहराएंगे हरियाली की चादर

## 52 वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम ने लायंस हाल स्थित नवनिर्मित बगीचे में किया 52 औषधीय पौधों का रोपण

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है। इन्दौर समाचार 23-4




निगम आयुक्त झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आज लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे। श्री झारिया ने इस मौके पर कहा कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहा कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होंगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरुआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरुआत की थी। उन्होंने कहां कि पृथ्वी दिवस के बारे में तो आप सभी ने सुना ही होगा जिसका उद्देश्य है। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी मां है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैंण् ध्यान तो छोड़िए हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैंए कभी प्रदूषण के माध्यम से कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है।

**52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया** -विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल, तुलसी, जामुन, सीताफल, बैल पत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक आदि का रोपण निगम आयुक्त, पर्यावरणविद् और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों ने किया।

**ये रहे मौजूद** -विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित समारोह में उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्मा, निगम अधिकारी जीके जायसवाल, हनीफ शेख, सुहास पंडित, भय्यालाल चौधरी, अनिल पारा लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव, प्रकाश मिश्रा, अग्रवाल, सुनील जैन, आदि उपस्थित रहे।

# शहर की धरती पर लहराएंगे हरियाली की चादर

## 52 वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम ने लायंस हाल स्थित नवनिर्मित बगीचे में किया 52 औषधीय पौधों का रोपण

23-4

**स्वतंत्र समय, रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहां है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है। निगम आयुक्त झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आज लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे। श्री झारिया ने इस मौके पर कहां कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही



बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहा कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होंगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरुआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरुआत की थी। उन्होंने कहां कि पृथ्वी दिवस के बारे में तो आप सभी ने सुना ही होगा जिसका उद्देश्य है। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी मां है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैंण् ध्यान तो छोड़िए हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैंए कभी प्रदूषण के माध्यम से कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है। 52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल, तुलसी, जामुन, सीताफल, बैल पत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक आदि का रोपण निगम आयुक्त, पर्यावरणविद् और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों ने किया।

**ये रहे मौजूदः** विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित समारोह में उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्मा, निगम अधिकारी जीके जायसवाल, हनीफ शेख, सुहास पंडित, भय्यालाल चौधरी, अनिल पारा लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव, प्रकाश मिश्रा, अग्रवाल, सुनील जैन, मयूर व्यास आदि उपस्थित रहे। स्वतंत्र समय

# सात दिन कथा का ट्रैफिक लोड, जाम से बचना है तो बाहरी रास्ते लें, शहर में सड़कें गायब हैं..

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट**

## पं. मिश्रा की शिवमहापुराण कथा आज से हरथली में

विकल्प मेहता | रतलाम

पंडित प्रदीप मिश्रा की श्री शिवमहापुराण कथा 23 अप्रैल से हरथली में शुरू हो रही है। यूं तो कथा शहर के बाहरी क्षेत्र में हो रही है, वहां पहुंचने के लिए शहर के ज्यादातर लोग प्रमुख बाजार से गुजरेंगे, यह रास्ता छोटा है। शनिवार से ट्रैफिक लोड बढ़ जाएगा, इससे बाजार में लंबे जाम की नौबत बन सकती है।

### यह दो रास्ते... जल्द कथा स्थल तक पहुंचा देंगे

**1. सालाखेड़ी फंटे से जाएंगे तो फोरलेन मिलेगा :** प्रतापनगर, महू रोड, स्टेशन रोड, टीआईटी रोड, रेलवे कॉलोनी, दो बत्ती, न्यू रोड, आनंद कॉलोनी, कालिका माता मंदिर के क्षेत्रों तक रहने वाले लोगों के लिए बेहतर रास्ता सालाखेड़ी फंटे वाला रहेगा। दो बत्ती, गीता मंदिर से सालाखेड़ी तक फोरलेन से पहुंचेंगे। ट्रैफिक लोड कम रहने के आसार है।

**2. पटरी पार के लोग कस्तूरबा नगर होते हुए जाएं :** पटरी पार क्षेत्र के लोग कस्तूरबा नगर होते हुए जा सकते हैं। वन विभाग से बाजना बस स्टैंड तक पहुंचने में दिक्कत नहीं होगी। यहां भी बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में कुछ भीड़ मिल सकती है। बाजना बस स्टैंड से कार्यक्रम स्थल तक जाना होगा।

## बाजार से निकले तो कथा से पहले आपका सामना ऐसी व्यथा से हो



**नौलाईपुरा का रास्ता बंद** | **स्थिति** - नौलाईपुरा की सड़क बन रही है। यह प्रमुख मार्ग है। ऐसे में परेशानी अभी से है। नीमचौक, तोपखाना, न्यू क्लॉथ मार्केट, चौमुखीपुल, कसारा बाजार, चांदनीचौक में ट्रैफिक लोड बढ़ेगा। नतीजा बार-बार जाम की स्थिति बनेगी।

23-4-22

### अव्यवस्थित पार्किंग के कारण बार-बार जाम



**स्थिति** - घास बाजार, चौमुखीपुल क्षेत्र में बार-बार जाम लगते रहे। अव्यवस्थित पार्किंग,-कार और ऑटो चालकों का आमना-सामना, ठेले आदि। यहां ट्रैफिक लोड बढ़ जाएगा।

### त्रिपोलिया गेट, तोपखाना और चांदनीचौक जाम के सेंटर



**स्थिति** - लक्कड़पीठा, त्रिपोलिया गेट, तोपखाना और चांदनीचौक जाम के सेंटर हो सकते हैं। हालांकि, यह जाम कथा के कारण नहीं बल्कि अव्यवस्था के कारण लग रहे थे। कथा के दौरान यहां दिक्कत हो सकती है।